भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

507, कसमन्डा अपार्टमेन्ट्स, 2, पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ – 226001, भारत
फोनः +91-522-4016048 वेबसाइटः www.bhavanaindia.org ई.मेलः bhavanasindia@gmail.com

## भावना का शिक्षा सहायता वितरण समारोह सोल्लास सम्पन्न

**भावना** का **शिक्षा सहायता वितरण समारोह – वर्ष 2020** का **प्रथम सत्र** रविवार, 22 नवम्बर, 2020 को ब्राइटलैंड इन्टर कॉलेज, त्रिवेणी नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित **शिक्षा सहायता योजना** के अन्तर्गत चयनित **माध्यमिक, उच्च–माध्यमिक तथा स्नातक कक्षाओं एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के गरीब एवं अति गरीब किन्तु मेधावी छात्रों/छात्राओं को सहयोग राशि की चैकें वितरित की गईं।**

कक्षा 10 में अध्ययन के लिए निम्नांकित पाँच बच्चों में से प्रत्येक को 1800 रुपए की चैक प्रदान की गई:

1. मान्या शुक्ला पुत्री श्री अरविंद शुक्ला (महामना मालवीय विद्या मंदिर, गोमती नगर, लखनऊ)
2. चंदन वर्मा पुत्र श्री मंजीत कुमार (नेशनल एसोसिएशन फ़ौर द ब्लाइंड, गोमती नगर, लखनऊ)
3. आकृति मौर्या पुत्री श्री सत्य प्रकाश मौर्या (सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ)
4. नेहा कुमारी पुत्री श्री पवन कुमार (सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ)
5. सौरभ गौतम पुत्र श्री राम खिलावन (श्री सांईं इन्टर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी)

कक्षा 12 में अध्ययन के लिए निम्नांकित चार बच्चों में से प्रत्येक को 2000 रुपए की चैक प्रदान की गई:

1. हर्षित वर्मा पुत्र श्री राम रूप वर्मा (ब्राइटलैंड इन्टर कॉलेज, त्रिवेणी नगर, लखनऊ)
2. विश्व राज सिंह पुत्र श्री राम सिंह (महामना मालवीय विद्या मंदिर, गोमती नगर, लखनऊ)
3. नेहा कश्यप पुत्री श्री राम कुमार कश्यप (महामना मालवीय विद्या मंदिर, गोमती नगर, लखनऊ)
4. करण कुमार बाल्मीकि पुत्र श्री सुरेश कुमार (सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ)

स्नातक कक्षाओं में अध्ययन के लिए निम्नांकित चार बच्चों में से प्रत्येक को 6000 रुपए की चैक प्रदान की गई:

1. पूजा मिश्रा पुत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा (ईसाबेला थॉबर्न कॉलेज, लखनऊ) – बी.एससी. प्रथम वर्ष
2. अर्पिता पाण्डेय पुत्री श्री अखिलेश चन्द्र पाण्डेय (नेशनल पी.जी. कॉलेज, लखनऊ) – बी.ए. द्वितीय वर्ष
3. सिम्मी मौर्या पुत्री श्री रमेश मौर्या (एन.एस.सी.बी. राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, लखनऊ) – बी.ए. द्वितीय वर्ष
4. प्रीति पाल पुत्री श्री राम चन्द्र पाल (जय नारायण पी.जी. कॉलेज, लखनऊ) – बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

स्नातक कक्षाओं के क्रमांक 01 पर अंकित छात्रा को आर्थिक सहयोग सिडनी(ऑस्ट्रेलिया) निवासी **कु. अंगिरा भारद्वाज** द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया है कि यदि इस छात्रा के परीक्षाफल निरंतर उत्तम रहे तो वे इस छात्रा को अगले दो वर्षों में भी यह सहयोग प्रदान करेंगी।

स्नातक कक्षाओं के क्रमांक 02, 03 तथा 04 पर अंकित छात्राओं को आर्थिक सहयोग सिडनी(ऑस्ट्रेलिया) निवासी **कु. आंचल भारद्वाज** द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया है कि यदि इन छात्राओं के परीक्षाफल उत्तम रहे तो वे इन्हें अगले वर्ष भी यह सहयोग प्रदान करेंगी।

कु. पूजा मिश्रा को कक्षा 12 की परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए 21,000 रुपए का **''स्व. डॉ. कृष्ण दत्त पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया। श्री अंकित सिंह नेगी को इसी परीक्षा में अति उत्तम प्रदर्शन के लिए 15,000 रुपए का **''स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया।

कु. अंजली भारती को कक्षा 10 की परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए 11,000 रुपए का **''स्व. गायत्री देवी पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया। कु. श्रृष्टी राम को इसी परीक्षा में अति उत्तम प्रदर्शन के

*क्रमशः.....2*

लिए 10,000 रुपए का **''स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार''** प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि **''स्व. डॉ. कृष्ण दत्त पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** तथा **''स्व. गायत्री देवी पाण्डेय स्मृति पुरस्कार''** उनके यशस्वी पुत्र **श्री बिपिन कुमार पाण्डेय** द्वारा हर वर्ष के लिए स्थापित एवं प्रायोजित हैं। इसी प्रकार **''स्व. रमेश चन्द्र तिवारी स्मृति पुरस्कार''** उनकी धर्मपत्नी **श्रीमती वीणा तिवारी** द्वारा हर वर्ष के लिए स्थापित एवं प्रायोजित हैं।

श्री आयुष बाजपेयी को आर.आर. इंस्टीट्यूट ऑफ़ मॉडर्न टेक्नॉलोजी, लखनऊ के **बी.टेक.(द्वितीय वर्ष)** में अध्ययन हेतु उनकी मांग के अनुरूप 28,500 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। यह सहयोग विगत वर्ष के अनुक्रम में इस वर्ष भी **भावना के विशिष्ट सदस्य एवं संरक्षक, ब्रिगेडियर(से.नि.) अशोक कुमार पाण्डेय** द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया है कि यदि इस छात्र के परीक्षाफल निरंतर उत्तम रहे तो वे इन्हें वर्णित पाठ्यक्रम की पूरी अवधि तक यह सहयोग हर वर्ष प्रदान करेंगे।

श्री अमित सिंह को ए.के.जी. कॉलेज, लखनऊ के **बी.एड.(द्वितीय वर्ष)** में अध्ययन हेतु उनकी मांग के अनुरूप 62,000 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। यह सहयोग भी विगत वर्ष के अनुक्रम में इस वर्ष भी माननीय **ब्रिगेडियर(से.नि.) अशोक कुमार पाण्डेय** द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया है कि यदि इस छात्र के परीक्षाफल निरंतर उत्तम रहे तो वे इन्हें वर्णित पाठ्यक्रम की पूरी अवधि तक यह सहयोग हर वर्ष प्रदान करेंगे।

समारोह के संयोजक श्री जगमोहन लाल जायसवाल ने बताया कि **आज कुल 17 छात्रों/छात्राओं को 1,88,500 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है।** उन्होंने सहर्ष घोषित किया कि इसी शिक्षा–सत्र 2020–21 में विभिन्न विद्यालयों की छोटी कक्षाओं में नियमित पठन–पाठन प्रारम्भ होते ही कक्षा 01 से 08 तक में अध्ययन–रत 100 से अधिक गरीब किन्तु मेधावी छात्रों/छात्राओं में से प्रत्येक को 1200 रुपए, कक्षा 09 में अध्ययन–रत छात्रों/छात्राओं में से प्रत्येक को 1800 रुपए तथा कक्षा 11 में अध्ययन–रत छात्रों/छात्राओं में से प्रत्येक को 2000 रुपए का आर्थिक सहयोग यथासमय **शिक्षा सहायता वितरण समारोह** का **द्वितीय सत्र** आयोजित करके प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ **भावना** के संकल्प–गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। **भावना** के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल ने सभी अभ्यागतों का स्वागत किया तथा संक्षेप में समिति की गतिविधियों की जानकारी दी एवं उन दान–दाताओं को धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से ही **भावना** के लिए गरीब किन्तु मेधावी बच्चों को आर्थिक सहयोग देना सम्भव हो पा रहा है।

इससे पूर्व मंचासीन अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुशील शंकर सक्सेना ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

(जगत बिहारी अग्रवाल)
प्रमुख महासचिव
मो. 09450111425